हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 27 मार्च 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

06 तुलजा भवानी और चामुंडा माता के दर्शन करने के...



09 चुनरी निशान पदयात्रा का आयोजन श्रद्धा और भक्ति...



## खबर संक्षेप में




### कृषि उपज मंडी 9 दिन रहेगी बंद

**नलखेड़ा।** आज से 4 अप्रैल तक 9 दिन तक स्थानीय कृषि उपज मंडी बंद रहेगी। उक्त जानकारी देते हुए कृषि उपज मंडी सचिव ने बताया कि शुक्रवार को रामनवमी, शनिवार को साप्ताहिक अवकाश, रविवार को बैंक बंद होने से, 30, 31 मार्च व 01 अप्रैल को वार्षिक लेखाबंदी, 2 अप्रैल को हनुमान प्राकट्य उत्सव, 3 अप्रैल को गुड़ फ्राय डे एवं 4 अप्रैल को साप्ताहिक अवकाश के चलते स्थानीय कृषि उपज मंडी बंद रहेगी। अवकाश अवधि में यदि कृषक बंधु अपनी उपज का विक्रय करना चाहते हैं तो अपनी कृषि उपज को मंडी अनुज्ञप्तिधारी व्यापारी को एमपी फार्म गेट एप सौदा पत्रक के माध्यम से विक्रय कर नगद अथवा ऑनलाइन भुगतान उसी दिन प्राप्त करें।

### जिला जल अभावग्रस्त घोषित, निजी नलकूप खनन पर प्रतिबंध

**नलखेड़ा।** जिले में लगातार गिरते भू-जल स्तर एवं संभावित पेयजल संकट को देखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी प्रीति यादव द्वारा मध्यप्रदेश पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 (संशोधन 2002 एवं 2022) के अंतर्गत आगर-मालवा जिले को जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया गया है। जारी आदेशानुसार जिले में अधिनियम की धारा 6(1) के अंतर्गत सम्पूर्ण जिले में अशासकीय एवं निजी नलकूप खनन पर प्रतिबंध लगाया गया है। बिना संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) की अनुमति के कोई भी बोरिंग मशीन जिले की सीमा में प्रवेश नहीं करेगी तथा नया नलकूप खनन नहीं किया जा सकेगा। अवैध रूप से नलकूप खनन करने या प्रतिबंध का उल्लंघन करने पर मशीन जब्त कर एफआईआर दर्ज की जाएगी। राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों को कार्रवाई हेतु अधिकृत किया गया है। शासकीय योजनाओं के अंतर्गत किए जाने वाले नलकूप उत्खनन पर यह प्रतिबंध लागू नहीं होगा। आवश्यकता पड़ने पर निजी जल स्रोतों का अधिग्रहण सार्वजनिक पेयजल व्यवस्था हेतु किया जा सकेगा। यह आदेश 25 मार्च 2026 से प्रभावशील होकर 31 जुलाई 2026 तक लागू रहेगा। आदेश में आवश्यक मामलों में जांच उपरांत अनुमति देने का अधिकार संबंधित एसडीएम को प्रदान किया गया है। आदेश का उल्लंघन करने पर प्रथम अपराध में 5,000 रुपए तक जुर्माना तथा पुनरावृत्ति पर 10,000 रुपए तक जुर्माना या दो वर्ष तक कारावास का प्रावधान किया गया है।

### ई-विकास प्रणाली का प्रशिक्षण सुसनेर व नलखेड़ा में आयोजित

# जिले के किसानों की शत-प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री सुनिश्चित करने के दिए गए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

कलेक्टर प्रीति यादव के मार्गदर्शन में उर्वरक वितरण व्यवस्था को सुदृढ़ एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, सहकारिता, कृषि एवं कृषि अभियांत्रिकी तथा मार्कफेड विभाग के मैदानी अमले के लिए ई-टोकन प्रणाली एवं ई-विकास प्रणाली संबंधी विकासखंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आजीविका भवन सुसनेर एवं नलखेड़ा में आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपसंचालक कृषि विजय चौरसिया ने कहा कि किसानों को सरल, सुगम एवं पारदर्शी तरीके से उर्वरक उपलब्ध कराने हेतु किसानों के समस्त रकबे को एग्री स्टेक पोर्टल पर दर्ज करना आवश्यक है। इसके लिए राजस्व, कृषि एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के मैदानी अमले को समन्वय स्थापित कर जिले के किसानों की शत-प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि किसानों की फार्मर आईडी में धारित समस्त रकबा एवं खसरा विवरण दर्ज किया जाना अनिवार्य होगा, जिससे आगामी खरीफ सीजन में उर्वरक वितरण में किसी प्रकार की समस्या न आए।






प्रशिक्षण में ई-विकास प्रणाली एवं नशा मुक्ति भारत अभियान का पीपीटी प्रस्तुतीकरण भी किया गया। साथ ही किसानों को नरवाई न जलाने की समझाइश देते हुए गहरी जुताई, पेलेट निर्माण, अवशेष प्रबंधन एवं उसके उपयोग की जानकारी दी गई। मल्टीप्लाउ, स्ट्रा रीपर, बेलर, हैप्पी सीडर, डी-कम्पोजर आदि यंत्रों के उपयोग पर भी विस्तार से चर्चा की गई। उपार्जन संबंधी जानकारी देते हुए बताया गया कि चना एवं मसूर की खरीदी गुणवत्ता परीक्षण एवं निर्धारित मापदंडों के आधार पर की जाएगी। सहायक कृषि यंत्री अंशुल बरोड ने नरवाई प्रबंधन के आधुनिक उपायों तथा सीबीजी (कम्प्रेस्ड बायोगैस) के उपयोग से कृषि अवशेष प्रबंधन की जानकारी दी।

सुसनेर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जितेन्द्र धाकरे व नलखेड़ा में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अश्विनी पाटीदार द्वारा उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। नलखेड़ा कार्यक्रम में जपं अध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश चौहान, उपाध्यक्ष ईश्वरसिंह यादव, कृषि स्थायी समिति अध्यक्ष अमरसिंह यादव उपस्थित रहे। वहीं सुसनेर कार्यक्रम में तहसीलदार रामेश्वर दांगी, तहसीलदार सोयत राजेश श्रीमाल सहित कृषि, सहकारिता, खाद्य एवं राजस्व विभाग का मैदानी अमला शामिल हुआ। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन सुसनेर में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी अंकित मालवीय तथा नलखेड़ा में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी रायसिंह मोर्य द्वारा किया गया।

### आरोप - आय व्यय पत्रक का समय से नहीं किया वितरण

## बड़ागांव नप में पार्षदों ने किया वार्षिक बजट बैठक का बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

तहसील की नगर परिषद बड़ागांव में 10 पार्षदों ने परिषद द्वारा आहूत की गई वार्षिक बजट बैठक का बहिष्कार कर इस संबंध में एक लिखित पत्र मुख्य नगर पालिका अधिकारी को सौंपा गया। बुधवार को नगर परिषद बड़ागांव में वित्तीय वर्ष 2026-27 की आय व्यय को लेकर वार्षिक बैठक रखी गई थी। परिषद द्वारा आयोजित उक्त बैठक का नगर परिषद पार्षद कमलाबाई यादव, श्यामसुंदर पाटीदार, पूजा अग्रवाल, आशाबाई यादव, रघुनंदन माली, कौशल दुबे, शांतिबाई यादव, अयोध्या बाई कटारिया, कैलाश कटारिया, रामकला बाई द्वारा बहिष्कार कर बैठक में भाग नहीं लिया तथा इस संबंध में अपने हस्ताक्षर से लिखित एक पत्र मुख्य नगर पालिका अधिकारी को सौंपकर बैठक बहिष्कार के निर्णय की सूचना दी गई।

पार्षदों का कहना है कि उन्हें बैठक आहूत करने से पूर्व निर्धारित समय अवधि में आय-व्यय का लेखा जोखा की प्रति उपलब्ध नहीं करवाई गई। वहीं बैठक को लेकर भी पहले से जानकारी नहीं दी गई। इसके चलते आधे से ज्यादा पार्षदों ने वर्ष भर में होने वाली बजट बैठक का बहिष्कार कर दिया। पार्षदों के बहिष्कार के बाद नगर परिषद द्वारा आयोजित बैठक स्थगित की गई।

**इनका कहना है**

नगर परिषद के पार्षदों द्वारा वार्षिक बजट बैठक का बहिष्कार कर इस संबंध में एक पत्र मुझे दिया है। पार्षदों को वार्षिक बजट बैठक प्रारंभ होने के पूर्व लेखा-जोखा की प्रति प्रदान की गई थी।

**प्रेमशंकर परमार,** मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद बड़ागांव जिला आगर मालवा

### ब्लॉक टास्क फोर्स की बैठक आयोजित

**सीहोर।** जिले में संचालित किए जा रहे एचपीवी टीकाकरण अभियान को सफल बनाने और सीहोर जिले की 14 वर्ष की शत-प्रतिशत बालिकाओं का एचपीवी टीकाकरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एसडीएम तन्मय वर्मा की अध्यक्षता में ब्लॉक टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीएम ने अब तक की एचपीवी टीकाकरण प्रगति की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि टीकाकरण के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं और सभी पात्र बालिकाओं और उनके अभिभावकों को टीकाकरण के लिए प्रेरित किया जाए।


परीक्षा परिणाम घोषित होते ही खिले विद्यार्थियों के चेहरे

## टीकोन की स्तुति ने 97% अंक प्राप्त कर किया जिले का नाम रोशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

कक्षा 5वीं और 8वीं के परीक्षा परिणाम घोषित होते ही जिलेभर में छात्र-छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। उत्कृष्ट परिणामों ने न केवल विद्यार्थियों बल्कि शिक्षकों और अभिभावकों में भी उत्साह का माहौल बना दिया। गुरुकुल कॉन्वेंट हाई सेकंडरी स्कूल, नलखेड़ा की छात्रा स्तुति अभिषेक पाटीदार टीकोंन ने कक्षा 8 वीं में 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया। उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार एवं परिजनों ने हर्ष व्यक्त उज्जवल भविष्य की कामना की गई।





जिला परियोजना समन्वयक जाटव के अनुसार, जिले में कक्षा 5 वीं का कुल परीक्षा परिणाम लगभग 92 प्रतिशत तथा कक्षा 8 वीं का परिणाम 91 प्रतिशत रहा है, जो जिले की बेहतर शैक्षणिक गुणवत्ता को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि जिलेभर के टॉपर्स की विस्तृत जानकारी संकलित करने में समय लगेगा। वहीं शासकीय माध्यमिक विद्यालय, खेरिया (सुसनेर) में परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। कक्षा 8वीं के छात्र हर्ष शर्मा ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। साथ ही कक्षा 5वीं में छात्रा रेणुका यादव ने प्रथम स्थान हासिल किया।

## मां बगलामुखी के आंगन में महाष्टमी पर हुआ सात सौ कन्याओं का पूजन

**नलखेड़ा।** मां बगलामुखी मंदिर के समीप नवरात्रि के अवसर पर बाहर से आने वाले भक्तों के लिए निःशुल्क भंडारे का संचालन पीताम्बरा सेवा समिति द्वारा किया जा रहा है। जहां प्रतिदिन कन्या भोज व कन्या पूजन के उपरांत भंडारा प्रारंभ होता है। गुरुवार को महाष्टमी के अवसर पर भंडारा परिसर में सात सौ से अधिक कन्याओं का भोज करवाकर उनका पूजन किया गया। कन्याओं को समिति द्वारा उपहार भी प्रदान किए गए। आज रामनवमी के अवसर पर पीताम्बरा सेवा समिति द्वारा एक हजार से अधिक कन्याओं का भोज करवाकर उनका पूजन किया जाएगा। उसके उपरांत भंडारा प्रारंभ होगा।





### जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत प्रभात फेरी निकालकर दिया जल संरक्षण का संदेश




**नलखेड़ा।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् द्वारा संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 अंतर्गत जल शक्ति से नव भक्ति अभियान के तहत विकासखंड के सेक्टर-5 लालुखेड़ी अंतर्गत ग्राम लोलकी में जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नवांकुर संस्था रिंछी एवं ग्राम विकास समिति रिंछी के तत्वाधान में प्रस्फुटन समिति के सदस्यों एवं ग्रामवासियों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी के दौरान भजनों एवं जागरूकता संदेशों के माध्यम से ग्रामीणों को जल बचाने एवं जल संरक्षण का महत्व बताया गया। कार्यक्रम में प्रस्फुटन समिति सचिव ऊंकारलाल पाटीदार, प्रेमनारायण पाटीदार, समिति सदस्यगण, ग्रामीणजन तथा नवांकुर संस्था प्रभारी बाबूलाल कुम्भकार सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### बुवाई कार्य 31 मार्च तक पूर्ण करें

**सीहोर।** रबी फसल गेहूं, चना, मसूर, तिवडा आदि की कटाई के तुरंत बाद पानी की पर्याप्त व्यवस्था होने पर खेत की तैयारी कर ग्रीष्मकालीन मक्का, भिंडी एवं लोबिया की बुवाई शीघ्र 31 मार्च तक पूर्ण करें। कृषि वैज्ञानिक के अनुसार उपयुक्त मिट्टी व बीजोपचार ग्रीष्मकालीन मक्का, भिंडी एवं लोबिया के लिए बलुई दोमट या दोमट मिट्टी उपयुक्त होती है, जिसका पी.एच. मान 6 से 7 के बीच हो। एक बार मिट्टी पलटने वाले हल से जुताई करने के बाद 2-3 बार कल्टीवेटर से जुताई कर खेत की मिट्टी को भुरभुरी व महीन बना लें।

### नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से गतिविधियां आयोजित

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार नेशनल एक्शन प्लान फॉर ड्रग डिमांड रिडक्शन योजना एवं नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नशा मुक्ति के उद्देश्य से सामाजिक न्याय विभाग द्वारा जिले में अनेक जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर जिले के अनेक स्कूलों और कॉलेजों में सेमिनार, वर्कशॉप, रैली, प्रदर्शनी, वाद-विवाद, निबंध लेखन, मानव श्रृंखला, पोस्टर प्रतियोगिता, नाटक, गीत, नृत्य सहित अनेक जन जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं और युवाओं को नशे से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में बताया गया। उप संचालक महेश यादव ने बताया कि इस अवसर पर सभी को नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई गई।

### गरबा करने वाली बालिकाओं को पुरस्कार प्रदान किया

# टेकरी पर माता रानी और हनुमान जी के मंदिर निर्माण में करेंगे पूरा सहयोग : नपाध्यक्ष राठौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

चैत्र नवरात्र ग्राम रफीकगंज ढेकिया शनि मंदिर के पास टेकरी वाली मईया के दरबार में पारंपरिक रूप से श्रद्धालुओं के द्वारा हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। एक प्रयास एनजीओ संस्था ने मंगलवार की रात सेठ जी डेवलपर्स के सहयोग से भव्य गरबा महोत्सव का आयोजन किया। माता जगदंबा के दरबार में नन्ही मुन्नी बालिकाओं के द्वारा एकल नृत्य समूह नृत्य और डांडिया गरबा की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे नगर पालिका अध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर और विशेष अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव सन्नी महाजन रफीगंज के सरपंच भाजपा मंडल अध्यक्ष नीरज परमार ने माता रानी की आरती में सम्मिलित होकर गरबा करने वाली बालिकाओं को पुरस्कार प्रदान किया।



कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी त्रिलोकचंद्र सिंह राजपाल और रमेश मूंदड़ा के द्वारा माता जगदंबा की प्रतिमा के समक्ष पूजा अर्चना और दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों का एक प्रयास एनजीओ संस्था अध्यक्ष सन्नी राजपाल और संचालक रजत मुंद्डा ने पुष्प माला पहना कर स्वागत किया। मातारानी की आरती के उपरांत सीहोर रफीगंज ढकिया गांव से पहुंची सौ से अधिक बालिकाओं ने विभिन्न भक्ति गीतों पर गरबा प्रस्तुत किया। उपस्थित मातृशक्ति और आयोजन समिति के सदस्यों को संबोधित करते अतिथियों ने नवरात्र पर्व की बधाई शुभकामनाएं देते हुए आयोजन समिति की प्रशंसा की और भविष्य में भी सभी प्रकार का सहयोग देने का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आलेख राठौर, तेजवीर मल्होत्रा, आशुतोष गुप्ता, सुनील चावला, मान सिंह सोलंकी, प्रदीप नागिया, चंद्रशेखर व्यास, दिलीप राठौर राजेश नमदेव.अमर सिंह दादा सहित मंदिर समिति सदस्यों ग्राम वासियों का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में शहर सहित आसपास के ग्रामीण आंचल के हजारों श्रद्धालु जन उपस्थित रहे। प्रसादी वितरण उपरांत कार्यक्रम का समापन किया गया।

## सात साल की मासूम आदिवासी बच्ची का देह व्यापार के लिए अपहरण, 13 दरिंदों को जेल

**सीहोर।** जिले के थाना इछावर क्षेत्र के डुंडलावा गांव में 10 फरवरी 2024 की सुबह आठ बजे एक दिल दहला देने वाली वारदात को अंजाम दिया गया। एक सफेद रंग की चार पहिया गाड़ी में सवार दरिंदों ने जनजाति वर्ग की महज 7 साल की अबोध बालिका को पानी मांगने का झांसा देकर कार में बैठा लिया और रफूचक्कर हो गए। पीड़िता का 5 साल का छोटा भाई आंखें फाड़े देखता रह गया। नानाजी ने जब काफी देर बाद नातिन को बाहर न देखा तो पूरे गांव में हाहाकार मच गया। परिजन थाने पहुंचे और गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर तीन विशेष टीमें गठित की गईं। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के पूरे इलाके के CCTV फुटेज खंगाले तो एक संदिग्ध सफेद कार शहर से बाहर जाती दिखी। मुखबिरों की सूचना और PSTN डेटा की जांच से पता चला कि अपहरणकर्ता शिवपुरी जिले में छिपे हैं। पुलिस टीमें रात के अंधेरे में शिवपुरी के मायापुर थाना क्षेत्र स्थित कंजरों के डेरे पर टूट पड़ीं और मासूम को सकुशल बरामद कर लिया।

### देह व्यापार के लिए रची गई थी साजिश

पूछताछ में रोंगटे खड़े कर देने वाला सच सामने आया। आरोपियों ने इस पूरी वारदात को बेहद सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया था। घटना से एक दिन पहले ही गिरोह के कुछ सदस्य घटनास्थल के पड़ोसी गांव में रेकी कर चुके थे। मासूम बच्ची को देह व्यापार के लिए अगवा कर आरोपी सोम कंजर, किरण बेढ़िया, वंदना बेढ़िया और अनुज शिवहरे को बेचा जाना था। पुलिस ने अपहरण में इस्तेमाल दोनों कारें, मोबाइल फोन, पीड़िता के कपड़े और मुंह दबाने में इस्तेमाल तौलिया भी जब्त किया।

**13 दरिंदे कटघरे में, पुख्ता सबूतों ने कसा शिकंजा:** पुलिस ने 60 दिन के भीतर 14 आरोपियों के खिलाफ धारा 366(A), 372, 120-B, 75 भादवि सहित पॉक्सो एक्ट और SC/ST एक्ट के तहत चालान पेश किया।

अभियोजन पक्ष ने न्यायालय में 26 गवाहों की गवाही करवाई और 164 दस्तावेज व साक्ष्य प्रमाणित कराए। सहायक जिला अभियोजन अधिकारी रेखा यादव ने मजबूत पैरवी की। विशेष न्यायाधीश स्मृता सिंह ठाकुर की अदालत ने सभी साक्ष्यों और तर्कों से सहमत होते हुए 13 आरोपियों को दोषी करार दिया। एक आरोपी प्रेमसिंह पहले से फरार होने के कारण फैसले से बाहर रहा।

### 4 को उम्रकैद, 13 को 12-12 साल की सजा

न्यायालय ने कठोर फैसला सुनाते हुए 4 आरोपियों को आजीवन कारावास और 13 आरोपियों को 12-12 साल की सजा सुनाई। कुल मिलाकर 37 वर्ष का कारावास और 52,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया। अदालत ने पीड़िता को मध्यप्रदेश पीड़ित प्रतिकर योजना के तहत 1 लाख रुपये का मुआवजा दिलाने का आदेश भी दिया। साथ ही जुर्माने की राशि भी पीड़िता को दिए जाने का निर्देश दिया।

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने जब्त की लाखों रुपए की सट्टा पर्ची



**बागली।** उदय नगर पुलिस द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई जिसमें बड़े पैमाने पर सट्टा पर्चियां जब तक की गई है। बुधवार को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि उदयनगर क्षेत्र अंतर्गत जोशी कालोनी रामपुरा में पप्पू पिता जामसिंह रावत अपने घर के कमरे में सट्टा पर्ची लिखवाकर अवैध लाभ अर्जित कर रहा है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना प्रभारी उदयनगर उनि विजेंद्र सिंह सोलंकी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम द्वारा जोशी कालोनी में पप्पू पिता जामसिंह रावत के घर के कमरे से लाखों रुपए की सट्टा पर्चियां, पर्चे लीड पेन जप्त कर आरोपी पप्पू पिता जामसिंह रावत के विरुद्ध थाना उदय नगर में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।

### कमलापुर क्षेत्र में पेट्रोल डीजल कीमतों में बढ़ोतरी

**चापडा।** इंदौर बैतूल राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित नायरा पेट्रोल पंप पर डीजल एवं पेट्रोल के भाव में बढ़ोतरी हुई। डीजल 3 प्रति लीटर एवं पेट्रोल में 5 प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई। वही बामन खेड़ी में स्थित हिंदुस्तान पेट्रोल पंप पर पंप मैनेजर राधेश्याम जाट ने चर्चा में बताया कि डीजल पेट्रोल का स्टॉक नहीं होने के कारण पूरी तरह बंद है। कमलापुर के इंडियन ऑयल पंप पर पेट्रोल पंप के मालिक इसरारउद्दीन कुरैशी ने बताया कि सात रोज डीजल पेट्रोल का स्टॉक पूरी तरह खत्म हो चुका है इसलिए पूरी तरह बंद है। वही इंदौर बैतूल राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित नायरा पेट्रोल पंप पर पेट्रोल पंप के मालिक मनोज जैन ने बताया कि यह पेट्रोल पंप प्राइवेट कंपनी का होने के कारण इसमें भाव कभी भी बड़ाए या घटाए जा सकते हैं। चापड़ा भारत पेट्रोलियम पंप भी डीजल का स्टॉक नहीं होने से सिर्फ पेट्रोल ही पुराने रेट में ही दिया जा रहा है।

चैत्र नवरात्र अष्टमी पर माता टेकरी में उमड़ा आस्था का सैलाब

# तुलजा भवानी और चामुंडा माता के दर्शन करने के लिए हजारों श्रद्धालु पहुंचे टेकरी

5 लाख से अधिक भक्त कर चुके दर्शन, शाजापुर, उज्जैन, इंदौर और आसपास के कई जिलों से बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



चैत्र नवरात्र की अष्टमी पर गुरुवार सुबह से ही शहर की प्रसिद्ध माता टेकरी पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। बड़ी माता तुलजा भवानी और छोटी माता चामुंडा माता के दर्शन के लिए हजारों श्रद्धालु सुबह से ही टेकरी पर पहुंचने लगे। पूरे दिन मंदिर परिसर में भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिलीं।

### सुबह की आरती में उमड़ी श्रद्धा

अष्टमी के पावन अवसर पर सुबह की आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मंदिर परिसर जयकारों से गूंज उठा और भक्तों ने माता के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। दिनभर माता टेकरी पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहने की संभावना है।

### नवरात्र में 5 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

नवरात्र के दौरान माता टेकरी पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी जा रही है। बड़ी माता मंदिर के पुजारी मुकेश नाथ के अनुसार, अब तक पांच लाख से अधिक भक्त माता के दर्शन कर चुके हैं। अष्टमी और नवमी पर यह संख्या और बढ़ने की उम्मीद है।

### आस-पास के जिलों से पहुंच रहे श्रद्धालु

नवरात्र के दौरान देवास के साथ-साथ शाजापुर, उज्जैन, इंदौर और आसपास के कई जिलों से श्रद्धालु बड़ी संख्या में माता टेकरी पहुंच रहे हैं। दूर-दराज से आने वाले भक्तों के लिए प्रशासन द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं भी की गई हैं।

### आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम

माता टेकरी पर इन दिनों आस्था, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। भक्त माता के जयकारों के साथ अपनी मनोकामनाएं लेकर पहुंच रहे हैं और श्रद्धा भाव से दर्शन कर रहे हैं।

### 28 मार्च को निकलेगा भव्य चल समारोह, माँ के दरबार में उमड़ रही आस्था

जन चेतना सामाजिक संस्था द्वारा आयोजित नौ दिवसीय चैत्र नवरात्रि महोत्सव के अंतर्गत सप्तम दिवस पर भव्य आरती का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और भक्ति भाव के साथ सम्पन्न हुआ। इस पावन अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं भक्तजन उपस्थित रहे और माँ के दरबार में अपनी आस्था अर्पित की। नवरात्रि महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न सांस्कृतिक, सामाजिक एवं धार्मिक आयोजन संगीत में आरती के पश्चात हो रहे हैं। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रदीप चौधरी सहित विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के जिले एवं नगर के पदाधिकारी भी शामिल हुए। साथ ही जिला मंत्री संदीप चौबे, विभाग सह-संयोजक नारायण शर्मा, विजय पांचाल, धर्मेश जोशी, सचिन राठौर, संजय शर्मा, अनिकेत यादव, चेतन राजस्कर, धीरज विजयवर्गी, निरंजन सविता, अनिल प्रजापत, दीपक मालवीया सहित अनेक गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी श्रद्धालुओं ने एक साथ माँ की आरती में भाग लेकर माँ



जगत जननी का आशीर्वाद प्राप्त किया। महोत्सव के समापन अवसर पर माँ जगत जननी की विदाई एवं भव्य चल समारोह का आयोजन 28 मार्च को शाम 4:00 बजे किया जाएगा, जो सयाजी गेट से प्रारंभ होगा। संस्था ने श्रद्धालु जनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित चल समारोह में शामिल होने का आग्रह किया है।

# घर में घुसकर मारपीट और तोड़फोड़ कर दबंगई करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

कमलापुर थाना क्षेत्र की घटना



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

कमलापुर थाना क्षेत्र में युवती के घर में घुसकर मारपीट, तोड़फोड़ एवं गाली गलौच करने करने वाले आरोपी को पुलिस ने महज 8 घंटे में ही गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी सर्जन सिंह मीणा ने बताया कि कन्हैया पिता तेजू राम घोडावत उम्र 28 साल निवासी ग्राम कवड़िया को महज 8 घंटो में किया गिरफ्तार कर लिया गया। थाना प्रभारी सर्जन सिंह मीणा ने बताया कि 24 मार्च को आरोपी कन्हैया और उसके नाबालिक भाई के विरुद्ध गांव की ही एक विधवा महिला द्वारा शिकायत की गई थी कि उसके घर के सामने पड़ोसी कन्हैया द्वारा गाड़ी खड़ी करने की बात को लेकर गाली गलौज करते हुए दबंगई के साथ घर में घुस आया और उसके साथ मारपीट की गई तथा घर में रखे सामान में तोड़ फोड़ की गई तथा जान से मारने की धमकी दी गई जिस पर से थाना कमलापुर पर विभिन्न धाराओं में अपराध पंजीवद्द कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए उक्त वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कमलापुर उप निरीक्षक सर्जन सिंह मीणा के नेतृत्व में तत्काल कार्यवाही करते हुए आरोपी कन्हैया उर्फ कान्हा घोड़ावत को लगातार तलाश को तलाश कर रात्री में ही महज 8 घंटे में गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहां से आरोपी को न्यायालय द्वारा जेल भेज दिया गया है। उक्त कार्रवाई ऐसे बदमाशी करने वाले तत्वों को बख्शा नहीं जाएगा। देवास पुलिस शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस सराहनीय कार्य में थाना कमलापुर के प्र.आर. सत्यप्रकाश मिश्रा, आर. अरुण वर्मा, आर. विवेक गांगे,कोर्ट मुंशी आरक्षक लोकेश मेहरा की महत्वपूर्ण एवं प्रशंसनीय भूमिका रही।

### अभिभाषक संघ ने शहीदों को किया नमन

**बागली।** अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की शहादत को स्मरण करते हुए बागली अभिभाषक संघ द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने शहीदों के जीवन और उनके बलिदान को याद करते हुए उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में अधिवक्ता प्रवीण चौधरी एवं अन्य वक्ताओं ने शहीदों के आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका त्याग देश के लिए प्रेरणास्त्रोत है। इस अवसर पर 111 दिनों की नर्मदा परिक्रमा पूर्ण कर लौटे गुप्ता का भी सम्मान किया गया।कार्यक्रम के अतिथि अधिवक्ता प्रवीण चौधरी एवं रमेश जायसवाल रहे, जबकि अध्यक्षता अभिभाषक संघ के अध्यक्ष कमलेश शर्मा ने की। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष महेंद्र पाटीदार, चंदन नटेरिया, संदीप पाटीदार, वैभव त्रिवेदी, रविंद्र सोनी, मुकेश जाट सहित अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे और अपने विचार व्यक्त किए।



### अन्तिम ने किए कक्षा 8वीं में 91 प्रतिशत अंक प्राप्त

**भौरासा।** प्रदेश के कक्षा पांचवी और आठवीं के परिणामो में इस बार बड़ा बदलाव देखने को मिला है। भौरासा नगर के भंवरनाथ गुरुकुल में पढ़ने वाली कक्षा 8 वी की बोर्ड की परीक्षा में छात्रा अन्तिम पिता शांतिलाल कुमावत ने 600 अंकों में से 538 अंक प्राप्त कर 91% प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया वही अपने स्कूल व शिक्षक एवं अपने परिवार का नाम रोशन किया। इस अवसर पर भोरासा मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल चावड़ा, नरेंद्र माली, प्रेमचंद सेठी, दशरथ धाकड़, प्रदीप मंत्री, बद्रीलाल लोधी, प्रमोद पालीवाल, अभय देव नागर, मनोज शुक्ला, निक्की नामदेव, संतोष जायसवाल आदि लोगों ने इन्हें बधाई दी।

# जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जनजागरुकता कार्यक्रम के दौरान प्रशस्ति पत्र का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



जन अभियान परिषद द्वारा संपूर्ण मध्य प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल शक्ति से नव भक्ति, कार्यक्रम किया जा रहा है। इस कड़ी में विकासखंड सोनकच्छ अंतर्गत भौरासा सेक्टर में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा विकासखंड समन्वयक मानसिंह मालवीय के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान के विभिन्न कार्यक्रमो का संचालन किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भौरासा बाबा भंवरनाथ मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल चावड़ा, नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जयसिंह राणा,उपस्थित थे। जल सरक्षण पर सेक्टर में चल रही गतिविधियों की जानकारी दुर्गा धाकड़ के द्वारा दी गईं। अतिथियों ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा की यह जनभागीदारी आधारित अभियान है, जिसका उद्देश्य नदियों, तालाबों,की साफ सफाई, जल संरक्षण, अमृत सरोवर निर्माण और जल संरक्षण के लिए जन जागरूकता बढ़ाना है जो समाज में समान भागीदारी के साथ जल संसाधनों के संरक्षण का संदेश देती है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए परामर्शदाता अक्षय जोशी ने बताया कि इस अभियान के तहत परिषद द्वारा प्रभात फेरी, कलश यात्रा, भूमि सुपोषण (भूमि पूजन),वृक्ष पूजन, जल स्त्रोत पूजन, मानस पाठ, जल मंदिर (पानी का प्याऊ),भजन संध्या, दीपमाला, देवी गीत संकीर्तन और आरती सहित विभिन्न गतिविधियाँ जनसहभागिता के माध्यम से आयोजित की जा रही हैं। नावांकुर संस्था मां कल्याणी सामाजिक सांस्कृतिक सेवा समिति के अध्यक्ष दुर्गा धाकड़ ने कहा कि अभियान ₹का शुभारंभ 19 मार्च से हुआ है और यह निरंतर 30 जून तक संचालित किया जाएगा।जन अभियान परिषद द्वारा "जल स्त्रोत सेवा समागम" के तहत प्रतिवर्ष जनसहयोग से नदियों, घाटों, तालाबों, झीलों और बावड़ियों की सफाई एवं संरक्षण का कार्य निरंतर किया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन के तीनों चरणों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई अतिथियों द्वारा ग्राम विकास प्रस्पुटन समिति के सदस्यों को प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में , नरेंद्र माली, कमल यादव, विशाल गुजेवार, भगवान सिंह चावड़ा, जगदीपेंद्र सिंह गौड़, कन्हैया लाल यादव, कैलाश यादव, अभिषेक राठौड, लोकेश सोलंकी, यस जोशी, भीमसिह रचना राठौर चंद्र शेखर शर्मा एवं प्रस्फुटन समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# चैत्र नवरात्रि में भव्य डांस प्रतियोगिता संपन्न विधायक शर्मा ने किया पुरस्कार वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांटाफोड़



प्रतियोगिता मे जीत हार उत्तम से सर्वोत्तम की और पहुंचने का रास्ता भर है। सभी प्रतिभागी अपने आप मे श्रेष्ठ है। सभी प्रतिभागियो ने अपना अपना प्रदर्शन बहुत ही बेहतर ढंग से किया।उक्त उदगार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कन्नौद खातेगांव के विधायक पं. आशीष शर्मा ने व्यक्त किए। विशेष अतिथि के रूप मे वन परिक्षेत्र अधिकारी बिजवाड मनीषा बुंदेला उपस्थित थी। चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर आदर्श नवदुर्गा उत्सव समिति बजरंग चौक सुंद्रेल के तत्वाधान में 24 मार्च एवं 25 मार्च को डांस प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता मे प्रथम पुरस्कार 21000/- विधायक आशीष शर्मा मित्र मंडल द्वारा दिया गया , द्वितीय पुरस्कार 11000/- खेड़ापति बालाजी महाराज के सौजन्य से दिया गया।सभी सेमीफाइनलिस्ट मे प्रत्येक को एक चांदी का गिफ्ट छोटेलाल मरमट रितेश मरमट की और से एवं प्रथम विजेता को शील्ड (ट्रॉफी) टिंकू पटेल द्वितीय विजेता को शील्ड (ट्रॉफी) राजू पाठक द्वारा प्रदान की गई।प्रतियोगिता में प्रतिभागी के रूप में मुख्य रूप से रॉक डांसर आजाद परिंदा मुंबई,डांस इंडिया डांस के सुपर स्टार फेम पार्थ पाल इंदौर,इंडिया गोट टेलेंट के सेमीफाइनलिस्ट शुभम खरगोन की विशेष उपस्थिति रही!प्रतियोगिता मे जज के रूप मे बेस्ट कोरियोंग्राफर रामोजी फ़िल्मि सिटी हैदराबाद से माइकल जोशी,पेमेंद्र कुमार (प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय बांध),आदित्य ताम्बे (ग्रेट म्यूजिशियन) निर्णायक की भूमिका मे उपस्थित थे।उक्त प्रतियोगिता मे प्रथम विजेता पुरुष्कार करण गिरी भोपाल एवं द्वितीय विजेता पुरुष्कार विनोद शर्मा इंदौर को प्रदान किया गया।उक्त आयोजन में जय श्री गोविंदा सेवा संस्थान, जय श्री गणेश मित्र मंडल, श्री सुंदरेश्वर युवा संगठन का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।इस अवसर पर हजारों की संख्या मे महिला पुरुषो ने कार्यक्रम मे शिरकत की।पुलिस प्रशासन की और से नवागत बिजवाड़ चौकी प्रभारी मलखान सिंह भाटी, आरक्षक दिलीप बेडवाल एवं स्टाप ने व्यवस्था बनाने मे उत्कृष्ट सहयोग प्रदान किया।

रामनवमी पर आज महाआरती के साथ होगा विशाल भंडारा

# राम मंदिरों में सुंदरकाण्ड और भजन संध्या होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



धर्म-जनसेवा और सामाजिक दायित्व की त्रिवेणी रामाश्रय परिसर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री राम जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। रामाश्रय ट्रस्ट के संस्थापक रमेश कुमार जीतमल अग्रवाल ने बताया कि मक्सी रोड़ सौरभ डेयरी के सामने स्थित रामाश्रय मंदिर बिलावली में रामनवमी के पावन पर्व पर 27 मार्च, शुक्रवार को भगवान श्री रामचन्द्र जी की महाआरती दोपहर 12 बजे होगी। तत्पश्चात विशाल भण्डारा प्रारंभ होगा। ट्रस्ट ने देवास नगर के समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि, अधिक से अधिक संख्या में पधारकर महाआरती एवं भोजन प्रसादी लाभ लेवें।

### सुंदरकाण्ड पाठ, महाआरती, भजन संध्या एवं विशाल भंडारा आज

राम नवमी के पावन एवं सुमंगलमयी अवसर पर शहर में भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। स्थानीय जवाहर चौक प्रांगण में श्रीराम जन्मोत्सव सेवा समिति के तत्वावधान में 27 मार्च, शुक्रवार को भव्य धार्मिक आयोजन आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम अंतर्गत सायं 5 बजे से श्री सुंदरकाण्ड महापाठ का सुमधुर एवं संगीतमय भक्तिमय गायन प्रारंभ होगा, जो श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर देगा। इसके पश्चात सायं 7:30 बजे भव्य संगीतमयी महाआरती का आयोजन किया जाएगा। वहीं, महाआरती के बाद विशाल भंडारे एवं भव्य भजन संध्या का दिव्य आयोजन भी होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि यह भव्य आयोजन विगत 15 वर्षों से निरंतर आयोजित होता आ रहा है और इस वर्ष इसका 16वां वर्ष है। हर वर्ष की तरह इस बार भी आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह और उमंग देखी जा रही है। कार्यक्रम संयोजक अजय पहाडिय़ा एवं आयोजन समिति के सदस्यों ने श्रद्धालु भक्तजनों से आयोजन सफल बनाने का आग्रह किया है।

# गुर्जर गौड ब्राह्मण समाज का 29 को होगा युवक-युवती परिचय सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांटाफोड़

मां चामुंडा की पावन नगरी देवास में एक बार फिर सामाजिक एकजुटता और पारंपरिक मूल्यों के भव्य उत्सव की साक्षी बनने जा रही है। सर्व ब्राह्मण संगठन के तत्वावधान में आगामी 29 मार्च, रविवार 2026 को उज्जैन रोड स्थित श्याम गार्डन में विशाल 'युवक-युवती परिचय सम्मेलन' का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन केवल एक सम्मेलन नहीं, बल्कि गुर्जर गौड ब्राह्मण समाज का एक विराट परिचय महाकुंभ होगा, जहां देश-प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से समाज के स्वजन बड़ी संख्या में एकत्रित होकर अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए उपयुक्त जीवनसाथी की तलाश करेंगे। "रिश्तों की अब ना बचेगी आस, चलो देवास चलो देवास" के उद्घोष के साथ आयोजित इस सम्मेलन को लेकर समाज में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। मां चामुंडा की पावन धरा पर होने वाला यह आयोजन संस्कार, परंपरा और आधुनिक सोच का अद्भुत संगम प्रस्तुत करेगा। कार्यक्रम में विवाह योग्य युवक-युवतियां मंच के माध्यम से अपना परिचय देंगे, जिससे परिवारों को एक पारदर्शी और विश्वसनीय वातावरण में रिश्तों के चयन का अवसर मिलेगा।

आज के समय में जहां रिश्तों की तलाश जटिल होती जा रही है, वहीं यह सम्मेलन समाज के लिए एक सशक्त और सार्थक पहल बनकर उभरेगा। इस गरिमामय आयोजन का मार्गदर्शन राष्ट्रीय अध्यक्ष माया त्रिवेदी , प्रांतीय अध्यक्ष पं. राजेश त्रिवेदी एवं राष्ट्रीय महासचिव प्रमोद व्यास द्वारा किया जा रहा है, साथ ही इस सम्मेलन के सूत्रधार जिनके नेतृत्व में आयोजन को ऐतिहासिक स्वरूप देने की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। आयोजन समिति ने समाज के सभी वर्गों से अपील की है कि वे अपने परिवार एवं विवाह योग्य बच्चों के साथ अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस पुनीत कार्य को सफल बनाएं। समिति का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक योग्य रिश्तों का निर्धारण कर समाज में ल एकता, सद्भाव और पारिवारिक मूल्यों को सुदृढ़ करना है।

इस आयोजन को सफल बनाने में जिला अध्यक्ष सुनील शर्मा, संयोजक कमलेश शर्मा, सतीश व्यास, शुभम शर्मा, अर्पित व्यास घनश्याम शर्मा, महेश शर्मा, रवि शर्मा, अंकित शर्मा, रवि व्यास, आनंद शर्मा, बिट्टू व्यास, गौरी शंकर शर्मा सहित पूरी टीम सक्रिय भूमिका निभा रही है। वहीं आशीष कुमार शर्मा (पूर्व प्रदेश प्रभारी, युवक संघ मध्य प्रदेश, देवास सभा महामंत्री) का भी सहयोग प्राप्त हो रहा है।

## खबर संक्षेप

### अभा खटीक महासभा के जिलाध्यक्ष बने रवि

**ललितपुर।** सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने वाले जिले के होनहार युवा रवि खटीक पर भरोसा जताते हुए अखिल भारतीय खटीक महासभा रजि. के राष्ट्रीय अध्यक्ष एड. अभिषेक कुमार खटीक ने उन्हें जिलाध्यक्ष पद पर मनोनीत कर एक बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। साथ ही उन्होंने आशा जताई है कि वह अखिल भारतीय खटीक महासभा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएंगे और संगठन को नई ऊंचाईयों पर पहुंचाने का काम करेंगे। वहीं नवनियुक्त जिलाध्यक्ष रवि खटीक ने कहा कि उन्हें संगठन की ओर से जो जिम्मेदारी मिली है, उसका वह पूरी कर्तव्यनिष्ठा के साथ निर्वाहन करेंगे। इधर उनके जिलाध्यक्ष पद पर मनोनयन होने पर स्वजातीय बंधुओं ने उनका फूल माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाते हुए स्वागत किया है।

### दलित युवक से मारपीट व जातिसूचक गालियां दी

**ललितपुर।** जखौरा थाना क्षेत्र में एक दलित युवक के साथ मारपीट और जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर दो नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम सौरई मजरा शांतिनगर निवासी रामसेवक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 23 मार्च 2026 की शाम करीब 6 बजे वह आटा लेने के लिए चक्की पर गया था। लौटते समय नहर की पुलिया के पास गांव के ही राजेश व एक अन्य युवक ने उसे रोक लिया। आरोप है कि दोनों ने पहले गाली-गलौज की और विरोध करने पर मारपीट कर दी, जिससे उसे चोटें आईं। साथ ही जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित किया और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद पीड़ित ने थाना जखौरा में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले में बीएनएस की धाराओं के साथ-साथ एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### घर का ताला तोड़कर जेवरात व नकदी चोरी

**ललितपुर।** महरौनी थाना क्षेत्र में एक विधवा महिला के घर में चोरी की घटना सामने आई है। अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर जेवरात और नकदी पार कर दी। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम किसरदा निवासी विनीता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपने घर पर ताला लगाकर रिलायंस पेट्रोल पंप के पास स्थित चाय की दुकान पर काम करने गई थी। इसी दौरान 23 मार्च 2026 को सुबह करीब 10.30 बजे से 11.30 बजे के बीच अज्ञात चोरों ने उसके घर का ताला तोड़ दिया। आरोप है कि चोर घर में रखे सोने-चांदी के जेवरात, करीब 20 हजार रुपये नकद और अन्य सामान चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी तब हुई जब महिला का बेटा घर पहुंचा और दरवाजा टूटा पाया। घटना के बाद पीड़िता ने थाना महरौनी में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और चोरी गए सामान की बरामदगी के प्रयास शुरू कर दिए हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच जारी है और जल्द ही आरोपियों का पता लगाकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### कृषि मंडी में 9 दिन नीलामी बंद रहेगी

**विदिशा।** 26 मार्च से 3 अप्रैल तक कृषि उपज मंडी में कुल 9 दिनों तक नीलामी कार्य बंद रहेगा। इस दौरान विभिन्न बैंकिंग कार्यों एवं प्रमुख त्योहारों के कारण व्यापार प्रभावित रहेगा। अनाज तिलहन व्यापार उत्थान कल्याण संघ के अध्यक्ष राधेश्याम माहेश्वरी ने बताया कि 26 मार्च को व्यापारियों द्वारा वार्षिक बैंकिंग कार्य किए जाएंगे। 27 मार्च को रामनवमी, 28 मार्च को माह का चौथा शनिवार तथा 29 मार्च को रविवार होने से बैंक बंद रहेंगे। 30 मार्च को बैंक क्लोजिंग कार्य किया जाएगा, जबकि 31 मार्च को महावीर जयंती के कारण अवकाश रहेगा। 1 अप्रैल को बैंकों में लेन-देन नहीं होगा, 2 अप्रैल को हनुमान जयंती तथा 3 अप्रैल को गुड फ्राइडे होने से मंडी पूरी तरह बंद रहेगी। इसके बाद नीलामी कार्य प्रारंभ होगा।

## टीबी मरीजों के उपचार में दवाओं के साथ-साथ पौष्टिक आहार आवश्यक

# बेहतर स्वास्थ्य के लिए पहल, क्षयरोगियों को पोषण पोटली दी



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

**जिला क्षयरोग नियंत्रण केन्द्र में क्षयरोग (टीबी) से पीड़ित मरीजों को पोषण पोटली का वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मरीजों के पोषण स्तर में सुधार कर उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाना है, जिससे वह बीमारी से जल्द स्वस्थ हो सकें।**

सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद ने बताया कि टीबी मरीजों के उपचार में दवाओं के साथ-साथ पौष्टिक आहार बेहद आवश्यक है। इसी को ध्यान में रखते हुए पोषण पोटली का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने समाजसेवी संस्थाओं एवं आम नागरिकों से अपील की कि वह टीबी मरीजों को गोद लेकर उनके पोषण और देखभाल में सहयोग करें। जिला क्षयरोग अधिकारी डा.रामनरेश सोनी ने बताया कि शासन द्वारा चलाई जा रही निःक्षय पोषण योजना के तहत मरीजों को मूंगफली, सोयाबीन बड़ी, दाल, भुना चना, सत्तू, गुड़ एवं प्रोटीन पाउडर जैसी पौष्टिक सामग्री उपलब्ध कराई जाती है। इससे मरीजों के खान-पान में सुधार होता है और उपचार का असर बेहतर होता है। परामर्शी चिकित्सक डा.जे.एस. बख्शी ने चेतावनी दी कि यदि मरीज बीच में दवा छोड़ देते हैं या उचित पोषण नहीं लेते, तो बीमारी का इलाज लंबा खिंच सकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि यदि किसी को दो सप्ताह से अधिक खांसी, लगातार बुखार या वजन कम होने जैसी समस्या हो, तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर जाकर निःशुल्क जांच कराएं।

पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डा.सौरभ सक्सेना ने कहा कि टीबी मरीजों की मदद के लिए निःक्षय मित्र बनने की पहल की जा रही है, जिससे समाज के लोग आगे आकर मरीजों के पोषण में सहयोग कर सकें। इस दौरान जिला क्षयरोग नियंत्रण केन्द्र के पीपीएम आदेश श्रीवास्तव, डीपीसी शिवराम सिंह एवं एनटीईपी स्टाफ सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे। टीबी मरीजों को समय पर इलाज और उचित पोषण उपलब्ध कराकर उन्हें स्वस्थ जीवन की ओर अग्रसर करना।

## पद यात्रा कर श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक धर्मलाभ लिया

# चुनरी निशान पदयात्रा का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर सातवें दिन नगर के गांधी नगर नई बस्ती स्थित श्रीराधा कृष्ण साहू समाज मंदिर से श्रीबैरावट माता धाम मंदिर तक भव्य चुनरी निशान पदयात्रा का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न हुआ। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर माता रानी के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। पदयात्रा के दौरान भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था, हर कोई माता के दरबार में अपनी श्रद्धा अर्पित करने के लिए उत्सुक नजर आया।

सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ जुटने लगी थी। विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर चुनरी और निशान को सजाया गया, जिसके बाद पदयात्रा प्रारंभ हुई। यात्रा में महिलाएं, पुरुष, युवा एवं बच्चे सभी पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। भक्तों ने सिर पर चुनरी और हाथों में ध्वज लेकर माता रानी के भजन गाते हुए यात्रा को आगे बढ़ाया। जय माता दी के गगनभेदी जयकारों से पूरा मार्ग गूंज उठा। पदयात्रा गांधी नगर नई बस्ती से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई श्री बैरावट माता धाम मंदिर पहुंची। रास्ते में जगह-जगह श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए सामाजिक संगठनों और स्थानीय नागरिकों द्वारा जलपान एवं प्रसाद की व्यवस्था की गई थी। कई स्थानों पर पुष्पवर्षा कर यात्रियों का स्वागत किया गया, जिससे आयोजन की भव्यता और भी बढ़ गई। मंदिर पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने माता रानी को चुनरी और निशान अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की।

इस अवसर पर पूरे मंदिर परिसर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही। श्रद्धालुओं ने माता के दरबार में माथा टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया और अपने जीवन में सुख, शांति एवं समृद्धि की प्रार्थना की। इस दौरान पं.शिवम महाराज, पं.प्रवीण महाराज, पं.राहुल महाराज, पं.सत्यम महाराज, पं.शैलेंद्र महाराज एवं पं.सेतु महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित किया। उन्होंने अपने प्रवचनों में नवरात्रि के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व शक्ति की उपासना



का प्रतीक है और हमें जीवन में सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि माता की भक्ति से व्यक्ति के सभी कष्ट दूर होते हैं और जीवन में सुख-शांति का संचार होता है। वक्ताओं ने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि वे नवरात्रि के इस पावन पर्व पर सदाचार, सेवा और संयम का पालन करें तथा समाज में एकता और भाईचारे का संदेश फैलाएं। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज को जोडऩे का कार्य करते हैं और लोगों में आध्यात्मिक चेतना जागृत करते हैं। इस आयोजन में विशेष रूप से महिलाओं की भागीदारी उल्लेखनीय रही। महिलाएं समूह बनाकर भजन-कीर्तन करती हुई चल रही थीं, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। वहीं युवाओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और यात्रा की व्यवस्थाओं में सक्रिय भूमिका निभाई। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चुनरी निशान पदयात्रा का आयोजन भव्य रूप से किया गया है, जिसमें क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। उन्होंने सभी सहयोगियों, समाजसेवियों एवं प्रशासन का आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो सका। समापन पर प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस दौरान सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्वयंसेवकों की टीम भी तैनात रही, जिन्होंने पूरे कार्यक्रम को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित किया। इस प्रकार चैत्र नवरात्रि के सातवें दिन आयोजित यह भव्य चुनरी निशान पदयात्रा श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक एकता का अद्भुत उदाहरण बनकर सामने आई, जिसमें शामिल होकर श्रद्धालुओं ने धर्मलाभ अर्जित किया और माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। ततपश्चात प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान शिवम महाराज, प्रवीण महाराज, राहुल महाराज, सत्यम महाराज, शैलेंद्र महाराज, सेतु महाराज, शोभाराम कौशिक, बॉबी राजा एवं प्रभात फेरी मंडली जयविजय, प्रेमनारायण, शंकर, गोलू, कपिल, लक्की, रूपेंद्र, धर्मेंद्र, इमारत, अभिषेक, मयंक, विशाल, मधुर, मयंक, जितेंद्र, लखन, सुरेन्द्र साहू, रिंकू राजू, विनय जोशी, देवेंद्र साहू, दीपांशु, स्वीटी, भावना, शिवानी, शिखा, वंश, ब्रज, हर्ष व समस्त आरती मंडली के साथ मोहल्लेवासी उपस्थित रहे।

## मड़ावरा में समावेशी विकास

# आजादी के बाद पहली बार पक्की सड़क की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

उत्तर प्रदेश सरकार के सतत, सुनियोजित एवं समावेशी विकास की अवधारणा को धरातल पर साकार करने हेतु जिलाधिकारी सत्य प्रकाश द्वारा किये जा रहे निरंतर प्रयास अब ठोस परिणाम देने लगे हैं। इसी श्रंखला में जिलाधिकारी के शासन को सतत पत्राचार एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से प्रभावी पहल के फलस्वरुप जनपद के दूरस्थ जनजाति बहुल मड़ावरा क्षेत्र में चार महत्वपूर्ण नवीन सड़क मार्गों के निर्माण को शासन स्तर से स्वीकृति प्राप्त हो गई है। इन परियोजनाओं के लिए कुल 22 करोड़ 94 लाख 20 हजार की धनराशि स्वीकृत की गई है, जो जनपद के सर्वाधिक पिछड़े एवं वन आच्छादित क्षेत्रों में बुनियादी ढॉचे पर विकास की दिशा में एक एतिहासिक उपलब्धी है। उल्लेखनीय है कि इन क्षेत्रों में आजादी के बाद पहली बार पक्की सड़क निर्माण का कार्य होने जा रहा है, जिससे स्थानीय निवासियों को आवागमन की बेहतर सुविधा प्राप्त होगी और विकास की मुख्य धारा से जुड़ने का अवसर मिलेगा।



### स्वीकृत प्रमुख सड़क मार्ग

दानशा सम्पर्क मार्ग से ग्राम मड़ावरा व जैतुपुरा होते हुए कुर्रट सम्पर्क मार्ग (5 किमी लम्बाई), सौरई-धौरी से लखंजर सम्पर्क मार्ग (8 किमी लम्बाई), ठनगना से वनगुवॉ व गौंठरो कच्चे मार्ग से पापरो मार्ग (5 किमी लम्बाई), ठनगना से वनगुवॉ, गौठरा मार्ग (4.5 किमी लम्बाई) है। इन परियोजनाओं के सापेक्ष 1 करोड़ 8 लाख 78 हजार की प्रथम किश्त वर्तमान वित्तीय वर्ष में प्राप्त हो चुकी है, जिससे शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाएगा। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के दूरदर्शी नेतृत्व एवं सतत प्रयायों के परिणामस्वरुप यह पहल न केवल क्षेत्रीय असमानताओं को कम करने में सहायक सिद्ध होगी, बल्कि जनजाति क्षेत्रों के सामाजिक-आर्थिक विकास को भी नई प्रगति प्रदान करेगी, इन सड़कों के निर्माण से शिक्षा, स्वास्थ्य, बाजार एवं अन्य आवश्यक सेवाओं तक पहुंच सुगम होगी, जिससे स्थानीय निवासियों की जीवन स्तर में व्यापक सुधार आयेगा।

बुन्देलखंड का एतिहासिक जनपद ललितपुर लम्बे समय तक सीमिति संसाधनों, कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और व्यवस्थागत चुनौतियों के कारण विकास की मुख्य धारा से अपेक्षाकृत पीछे रहा। शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत संरचना जैसी बुनियादी जरुरतों से जूझते इस जनपद ने 28 अक्टूबर 2025 को जब जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने कार्यभार संभाला तो आमजन में एक नई उम्मीद का संचार हुआ। कुछ माह में ही उनके संवेदनशील, सक्रिय और परिणामोन्मुखी नेतृत्व ने यह सिद्ध कर दिया कि इच्छाशक्ति और प्रतिबद्धता से सतत व समावेशी विकास की ठोस शुरुआत सम्भव है।

# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

थाना तालबेहट पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के गंभीर मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई जनपद में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई।

पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी तालबेहट आशीष मिश्रा के पर्यवेक्षण में थाना तालबेहट पुलिस ने यह कार्रवाई अंजाम दी। पुलिस के अनुसार, थाना तालबेहट में दर्ज मुकदमा के तहत वांछित अभियुक्त मध्य प्रदेश के जिला शिवपुरी अंतर्गत कस्बा रन्नौद निवासी गोविन्द पुत्र पप्पू उर्फ ग्यासीराम को गिरफ्तार किया गया है। बताया गया कि पीड़िता पक्ष की ओर से 10 जनवरी को तहरीर दी गई थी, जिसके आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। तभी से आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस ने टीम गठित कर उसकी तलाश तेज की और अंततः उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी को नियमानुसार न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक मनोज मिश्रा के नेतृत्व में थाना तालबेहट पुलिस टीम की अहम भूमिका रही। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवती लापता

कोतवाली थाना क्षेत्र से एक युवती के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पिता की तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार शहर के एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी पुत्री 24 मार्च 2026 को दोपहर करीब 12 बजे बिना बताए घर से कहीं चली गई और देर रात तक वापस नहीं लौटी। परिजनों ने युवती की काफी तलाश की और रिश्तेदारों से भी संपर्क किया, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। पीड़ित ने बताया कि रात करीब 9.30 बजे उसके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आया, जिस पर उसे शक है कि उसी व्यक्ति ने उसकी पुत्री को अपने साथ ले गया है। घटना के बाद परिजनों में चिंता का माहौल है। पुलिस ने मामले में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और युवती की तलाश शुरू कर दी है।

## अफरा-तफरी का माहौल, वाहन चालकों के बीच धक्का-मुक्की और कहासुनी

# युद्ध के मद्देनजर डीजल, पेट्रोल पंप पर लगी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जनपद में पेट्रोल-डीजल को लेकर अचानक मचे हड़कंप ने शहर की व्यवस्था को झकझोर कर रख दिया है। पिछले दो दिनों में सुबह से ही शहर के लगभग सभी पेट्रोल पंपों पर तेल लेने वालों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे कई स्थानों पर अफरा-तफरी और तनाव की स्थिति बन गई।

हालात यह हैं कि लंबी-लंबी कतारों में खड़े वाहन चालकों के बीच धक्का-मुक्की और कहासुनी तक देखने को मिली। शहर के प्रमुख पेट्रोल पंप गेंदालाल पेट्रोल पंप, अभिलाषा पेट्रोल पंप, राजघाट रोड स्थित पेट्रोल पंप, गल्ला मंडी क्षेत्र और आसपास के अन्य पंपों पर सुबह से देर रात तक वाहनों की लाइनें लगी रहीं। कई जगहों पर सड़क तक जाम जैसी स्थिति बन गई। स्थिति को और गंभीर बनाता बड़ी संख्या में लोग डीजल पैट्रोल को स्टॉक करने के उद्देश्य से कंटेनरों केन, ड्रम और अन्य पात्र लेकर पेट्रोल भरवाने पहुंचे। अफवाहों के चलते लोग जरूरत से अधिक ईंधन



जमा करने की कोशिश करते नजर आ रहे हैं जिससे पंपों पर दबाव और बढ़ गया। हालांकि प्रशासन द्वारा बार-बार यह स्पष्ट किया जा रहा है कि जनपद में पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं है और आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है, इसके बावजूद लोगों में भय और असमंजस का माहौल बना हुआ है। यही कारण है कि स्थिति सामान्य होने के बजाय और अधिक भीड़भाड़ वाली बनती जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी सक्रिय हो गए हैं।

### प्रशासन की सख्त अपील

अधिकारियों ने आमजन से अपील की है कि वह अफवाहों पर ध्यान न दें, शांति और संयम बनाए रखें तथा केवल आवश्यकता अनुसार ही पेट्रोल-डीजल लें। अनावश्यक भीड़ और जमाखोरी से स्थिति बिगड़ सकती है, जिससे सभी को परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

## जान से मारने की धमकी दी

# रॉड से युवक पर हमला, तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज किया

**ललितपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र में एक युवक पर लोहे की रॉड से हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित के भाई की तहरीर पर एक नामजद व दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित के भाई बलराम सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 24 मार्च की शाम करीब 6.30 बजे उसका भाई सौरभ सिंह चाय की दुकान पर जा रहा था। रास्ते में साहूजी के मकान के पास बैठा ही था कि तभी रामकुमार यादव अपने दो अज्ञात साथियों के साथ वहां पहुंचा। आरोप है कि रामकुमार यादव ने बिना किसी कारण के सौरभ सिंह के साथ गाली-गलौज करते हुए लोहे की रॉड से हमला कर दिया। उसके साथ आए अन्य लोगों ने भी मारपीट की, जिससे सौरभ के हाथ सहित शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। शोर सुनकर आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर बीच-बचाव किया, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने मामले में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पादप्रक्षालन कर आशीर्वाद ग्रहण किया, आज जाखलौन में प्रवेश

# मुनि सुधासागर महाराज ससंघ का अभिनंदनोदय तीर्थ से गाजे बाजे के साथ देवोदय तीर्थ के लिए पदविहार हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

निर्यापक श्रमण मुनि सुधासागर महाराज ससंघ का अभिनंदनोदय तीर्थ से देवोदय तीर्थ देवगढ़ के लिए पदविहार हुआ। सैकडों की संख्या में श्रद्धालु पदविहार में सम्मलित हुए। श्रावकों ने रंगोली सजाई पादप्रक्षालन कर मुनिश्री से आशीर्वाद ग्रहण किया।

इसके पूर्व मुनिश्री सुधासागर महाराज, मुनिश्री निरापद सागर महाराज एवं संघस्थ एलक क्षुल्लक महाराज ने अभिनंदनोदय तीर्थ के दर्शन किए इसके उपरान्त गाजे बाजे के साथ पदविहार हुआ जिसमें गाजे बाजे के साथ




नवयुवक सम्मलित हुए। वाल मण्डल का दिव्यघोष, महिला मण्डल में सैकडों की संख्या में मंगलगान करते हुए श्रविकाए मुनिश्री के साथ पदविहार कर रही थी। हाथी पर सवार श्रावक ध्वज पताकाए लेकर शोभायात्रा में सम्मलित रहे थे। शोभायात्रा अभिनंदनोदय तीर्थ से स्टेशन तिराहा होते हुए देवगढ़ की ओर आगे वढी जिनके साथ अपार जनसमुदाय रहा। देवगढ रोड स्थित एक पेट्रोल पम्प के सामने भूमि पर नवीन मंदिर संतशाला के निर्माण हेतु भूमि पूजन मुनिसंघ के आशीर्वाद सानिध्य में हुआ।

रात्रि में जिज्ञासा समाधान महाविद्यालय परिसर में हुआ, जहां से सुबह मुनिसंघ का पदविहार जाखलौन के लिए होगा। जिसको लेकर जैन समाज में अपूर्व उत्साह है और अगुवाई की तैयारियां व्यापक स्तर से की गई हैं। मुनिश्री के पदविहार में सैकडों लोग शामिल रहे।

खबर संक्षेप

## भारती सेवा समाज संगठन समिति ने बढ़ाए मदद के लिए हाथ



**सीहोर।** ग्राम ताजपुर उकाला मे मां चंडी नो कुंडी महायज्ञ व देवी प्रांण प्रतिष्ठा ओर विशाल भंडारे का आयोजन किया। इस अवसर पर भारती सेवा समाज संगठन समिति के सदस्यों द्वारा एक बड़ी पहल का शुभारंभ मंडावर से किया। बताया कि स्वर्गीय प्रदीप भारती का निधन हो गया था। पत्नी वैजन्ती बाई और उसके दो बालक ओर बालिका जिनकी पालन पौषण की समस्या खडी हो गई थी। महिला को रोजगार से लगने के लिए समिति द्वारा दो बकरी के बच्चे दिलाए गए। जिससे उनको जीवन यापन मे आसानी हो सके। इसी प्रकार समाज की सभी विधवा महिलाओं को समिति द्वारा मनिहारी, सिलाई मशीन. बकरी पालन. आदि कार्यों मे सहयोग किया जाता है। इस दौरान समिति सदस्य रामसिंह भारती, जयसिंह भारती, जनपद गोविंद, अध्यापक लखन भारती आदि समिति सदस्य मौजूद थे।

## दीपेश सेन का अंडर-18 टीम में चयन हुआ

**सीहोर।** शहर के बीएसआई मैदान पर प्रमोद पटेल क्रिकेट अकादमी की ओर से अभ्यासरत प्रतिभाशाली हरफनमौल क्रिकेट दीपेश सेन इंदौर में होने वाली अंडर-18 क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए चयनीत हुए। इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय, जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अतुल तिवारी, कोषाध्यक्ष वीरु वर्मा, मनोज दीक्षित मामा, पीपीसीए की ओर से आदर्श राय, अतुल त्रिवेदी आदि ने बधाई दी। अकादमी के कोच आदर्श राय ने बताया कि बीसीआई मैदान पर प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाता है।

### संभागायुक्त ने उद्यानिकी योजनाओं के क्रियान्वयन के उद्देश्य से किया भ्रमण

# बगीचे का निरीक्षण कर विकसित अमरूद व सीताफल सहित उद्यानिकी फसलें देखी

किसानों से संवाद कर उद्यानिकी फसलों की उपयोगिता एवं आयवृद्धि के अवसरों पर प्रकाश डालते हुए अधिक से अधिक किसानों को इन फसलों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी

भोपाल संभाग के आयुक्त संजीव सिंह द्वारा उद्यानिकी योजनाओं के निरीक्षण के तहत ग्राम कोठरी का दौरा किया गया। इस दौरान उन्होंने युवा एवं उन्नत किसान प्रमोद कासनियां के खेत पर विकसित वीएनआर अमरूद, सीताफल और तरबूज सहित विभिन्न उद्यानिकी फसलों के बगीचे का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बेहतर प्रबंधन की सराहना कीनिरीक्षण के दौरान आयुक्त संजीव सिंह ने बगीचे में अपनाई जा रही आधुनिक तकनीकों एवं बेहतर प्रबंधन की सराहना की।

उन्होंने उपस्थित किसानों से संवाद कर उद्यानिकी फसलों की उपयोगिता एवं आयवृद्धि के अवसरों पर प्रकाश डालते हुए अधिक से अधिक किसानों को इन फसलों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सीहोर जिला कलेक्टर बालागुरु के सहित जिले के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने कृषकों से विभिन्न उद्यानिकी फसलों के संबंध में चर्चा कर उनके अनुभव एवं समस्याओं की जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान सहायक संचालक उद्यान जगदीश सिंह मुलाज्दा आष्टा तहसीलदार रामललाल पगारे, व.उ.वि.अधिकारी संजय सिंह ठाकुर पटवारी रुद्रप्रताप ठाकुर, पटवारी अरुण जायसवालऔर किसान महेश नेता,रितेश मोगरिया ,प्रमोद कासनियां आनंद कासनियां किसान मौजूद रहे। जिन्होंने उद्यानिकी खेती के प्रति रुचि दिखाई और नई तकनीकों को अपनाने की बात कही। भोपाल संभागायुक्त संजीव सिंह ने उद्यानिकी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से जिले के ग्राम जताखेड़ा एवं कोठरी का भ्रमण कर किसानों द्वारा की जा रही उद्यानिकी फसलों का निरीक्षण किया।



इस दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले में संचालित उद्यानिकी योजनाओं तथा उनके माध्यम से किसानों को मिल रहे लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त श्री सिंह ने ग्राम जताखेड़ा में किसान रूपा सिंह द्वारा वीएनआर तकनीक से की जा रही अमरूद की खेती का निरीक्षण किया। उन्होंने इस उन्नत उत्पादन तकनीक की विशेषताओं और लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। साथ ही ड्रिप इरिगेशन सिस्टम एवं फार्म पोंड की प्लास्टिक लाइनिंग के माध्यम से जल संरक्षण एवं उसके प्रभावी उपयोग पर भी चर्चा की। इसी क्रम में संभागायुक्त श्री सिंह ने आष्टा के ग्राम कोठरी में किसान प्रमोद कासनियां द्वारा की जा रही वीएनआर अमरूद, एनएमके गोल्डन सुपर सीताफल तथा ड्रिप मल्चिंग तकनीक से उत्पादित खीरा फसल का निरीक्षण किया। उन्होंने आधुनिक तकनीकों के उपयोग से बढ़ती उत्पादकता और बेहतर गुणवत्ता की सराहना करते हुए किसानों को उद्यानिकी फसलों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

# पेट्रोल-डीजल खत्म होने की अफवाह, पंपों पर लगी कतारें

### संचालक बोले-पर्याप्त स्टॉक, अफवाह से बचे



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

शहर में मंगलवार शाम पेट्रोल और डीजल की कमी होने की अफवाह फैल गई। अफवाह के कारण शहर के पेट्रोल पंपों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। रात 11 बजे तक शहर के अधिकांश पेट्रोल पंपों पर ईंधन खत्म हो गया, जबकि कुछ ही पंपों पर आपूर्ति जारी थी। लोगों ने अपनी गाड़ियों की टंकी फुल करा ली, जिससे पेट्रोल पंपों का स्टॉक जल्दी खत्म हो गया। हालांकि, अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि पेट्रोल और डीजल की कोई वास्तविक कमी नहीं है। हाईवे सहित अन्य क्षेत्रों के पेट्रोल पंपों पर पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है।

### सोशल मीडिया ग्रुप्स से फैली अफवाह

पिछले कुछ समय से नगर और क्षेत्र के सोशल मीडिया ग्रुप्स पर पेट्रोल-डीजल की भारी किल्लत और होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने जैसी भ्रामक खबरें प्रसारित की जा रही हैं। इन निराधार अफवाहों के कारण आम जनता के बीच अनावश्यक अफरा-तफरी का माहौल बन गया है। शहर के पेट्रोल पंप संचालक नारायण भूरू मुकाती, बुरहान अली, नीलेश खंडेलवाल ने बताया कि उनके पंप पर पेट्रोल और डीजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है और किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं है। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की।शहर के नया बस स्टैंड, कन्नौद रोड, पुराना भोपाल इंदौर मार्ग और अलीपुर सहित अन्य क्षेत्रों के पेट्रोल पंपों पर शाम 8 बजे से रात 11 बजे तक सर्वाधिक भीड़ देखी गई।

यह पहली बार नहीं है जब ऐसी अफवाहों ने शहर में अव्यवस्था फैलाई है। पिछले हफ्ते देशभर में घरेलू गैस की कमी की अफवाह फैली थी, जिसके चलते गैस एजेंसियों पर ग्राहकों की लंबी कतारें लग गई थीं। बाद में यह अफवाह भी निराधार निकली और गैस एजेंसियों पर पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध था।

### नागरिकों से भ्रामक खबरों से बचने की अपील

उन्होंने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासन के निर्देशानुसार रात 10 बजे से सुबह 7 बजे तक पेट्रोल पंप की सेवाएं सीमित की गई हैं, लेकिन दिन के समय आपूर्ति निरंतर और सुचारू रूप से जारी है। इसके साथ ही इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने भी आधिकारिक तौर पर स्पष्ट किया है कि देश में ईंधन का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है और वितरण नेटवर्क सामान्य रूप से कार्य कर रहा है। कंपनी ने नागरिकों को आश्वस्त किया है कि किसी भी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है और वे निर्बाध आपूर्ति के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। प्रशासन और तेल कंपनियों ने अपील की है कि नागरिक सोशल मीडिया की भ्रामक खबरो पर विश्वास न करें, पेट्रोल पंपों पर बेवजह भीड़ न लगाएं और सही जानकारी के लिए केवल आधिकारिक स्रोतों पर ही भरोसा करें।



# किसान फॉर्मर रजिस्ट्री जरूर कराएं: तहसीलदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

मध्यप्रदेश में किसानों को उर्वरक वितरण में पारदर्शिता, सुगमता और समयबद्ध व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रदेश में ई-टोकन आधारित उर्वरक वितरण प्रणाली लागू की गई है। तहसीलदार जावर ओमप्रकाश चोरमा द्वारा बताया गया कि इस नई प्रणाली के अंतर्गत उर्वरक प्राप्त करने के लिए कृषकों के पास फार्मर आईडी का होना अत्यंत आवश्यक है।

एक अप्रैल 2026 से उर्वरक वितरण हेतु फार्मर आईडी अनिवार्य किए जाने से जिन किसानों द्वारा फॉर्मर रजिस्ट्री नहीं करवाई गई है उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ेगा।और उन्हें उर्वरक का वितरण नहीं किया जाएगा। अतः सभी किसानों से आग्रह है कि वे अपनी फार्मर आईडी समय रहते तैयार करवा लें जिन किसानों की फार्मर आईडी में उनके सभी खसरा सर्वे नंबर दर्ज नहीं हैं, वे तत्काल संबंधित जानकारी अपडेट करवाएं। जिन कृषकों की भूमि विभिन्न विकासखंडों या अन्य जिलों में स्थित है, वे भी अपने सभी सर्वे नंबरों को एक ही फार्मर आईडी से लिंक कराएं, ताकि भविष्य में उर्वरक प्राप्ति या अन्य कृषिगत प्रक्रियाओं में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। किसान बंधु फॉर्मर आईडी बनवाने के लिए अपने हल्का क्षेत्र के पटवारी, लोकल यूथ, एमपी ऑनलाइन, कियोस्क सेंटर, कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) या किसी भी साइबर कैफे से संपर्क कर फॉर्मर आईडी बनवा सकते है और अपने छूटे हुए सर्वे नंबरों को जुड़वा सकते है। ज्ञातव्य है कि किसानों के हित में विभिन्न शासकीय कृषिगत योजनाओं का लाभ लेने के लिए भी फार्मर आईडी का उपयोग अनिवार्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री किसान सम्मानिधि योजना, मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना, उर्वरक वितरण सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ पाने के लिए फार्मर आईडी आवश्यक है। समर्थन मूल्य पर फसल विक्रय हेतु ई-उपार्जन पोर्टल पर किसान पंजीयन, बोई गई फसल का सत्यापन तथा एग्रीस्टेक से जुड़ी अन्य प्रक्रियाएं भी फार्मर आईडी के माध्यम से ही संपादित करने की योजना है।

तहसीलदार ओमप्रकाश चोरमा द्वारा समस्त किसान भाइयों से अपील की है कि वे अपनी भूमि की फॉर्मर आईडी बनवाएं और अपने सभी सर्वे नंबरों को अपडेट कराएं, जिससे उन्हें शासकीय योजनाओं और उर्वरक वितरण का लाभ निर्बाध रूप से प्राप्त हो सके।

## कक्षा 8वी में आरुषि को मिले 89 प्रतिशत अंक




**जावर।** श्री साईं पब्लिक स्कूल जावर की छात्रा आरुषि सेन ने कक्षा 8 वी में 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय की कक्षा 8 वी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सफलता श्रेय विद्यायल के सभी शिक्षकों को दिया स्कूल संचालक तेजपाल सिंह ठाकुर एवं नगर परिषद उपाध्यक्ष तेजसिंह कप्तान ने मिठाई खिलाकर दी शुभकामनाएं एवं बधाई।

# आंगनबाड़ी केंद्रों में संपन्न हुआ विद्यारंभ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शहर एवं गांव के समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों में विद्यारंभ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया 24 मार्च 2026 को परियोजना जावर के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में विद्यारंभ प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी रीना सिंह द्वारा बताया गया कि इस अवसर पर बाल चौपाल के माध्यम से प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा पूर्ण कर विद्यालय में प्रवेश के लिए पात्र बच्चों का ग्रेजुएशन सेरेमनी के रूप में सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान 5 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को विद्यारंभ प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। यह कार्यक्रम बच्चों के शैक्षणिक जीवन की नई शुरुआत को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

इस आयोजन में जनप्रतिनिधि, अभिभावक, शिक्षकगण भी शामिल हुए, जिससे बच्चों का उत्साहवर्धन किया जा सके। यह पहल प्रारंभिक शिक्षा को सशक्त बनाने के साथ-साथ आंगनवाड़ी केंद्रों की महत्वपूर्ण भूमिका को और मजबूत करने की दिशा में एक सराहनीय कदम है कार्यक्रम में सेक्टर सुपरवाइजर कार्यकर्ता सहित अभिभावकगण और स्कूल के शिक्षक भी सम्मिलित हुए।

# मां राजराजेश्वरी की भव्य चुनरी यात्रा से गूंजा नगर आधी रात तक भक्ति में डूबे रहे माता रानी के भक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर कन्नौज रोड कॉलोनी चौराहा स्थित मां राजराजेश्वरी उत्सव समिति द्वारा आयोजित भव्य चुनरी यात्रा ने पूरे नगर को श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के रंग में रंग दिया। इस दिव्य आयोजन में उमड़ी आस्था की लहर ने ऐसा वातावरण निर्मित किया कि अर्धरात्रि तक नगर भक्तिमय रस में डूबा रहा। मां राजराजेश्वरी के भव्य पंडाल से प्रारंभ हुई चुनरी यात्रा बैंड-बाजों, ढोल-नगाड़ों और जय माता दी के गगनभेदी जयकारों के साथ आगे बढ़ी। यात्रा में राधा-कृष्ण, मां चामुंडा एवं मां कालिका के आकर्षक स्वरूपों की सजीव झांकियां प्रस्तुत की गईं, जिन्होंने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भक्तजन भक्ति गीतों पर झूमते-नाचते हुए माता रानी के गुणगान में लीन नजर आए। मातृशक्ति की यह भक्ति और उत्साहपूर्ण सहभागिता आयोजन की विशेष आकर्षण रही, जिसने हर किसी को भावविभोर कर दिया।चुनरी यात्रा कॉलोनी चौराहा से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से निकली। जगह-जगह श्रद्धालुओं, व्यापारियों एवं समाजजनों द्वारा पुष्प वर्षा कर यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। समिति के प्रमुख एवं पूर्व पार्षद पंकज यादव के नेतृत्व में आयोजित इस आयोजन में सकल हिंदू समाज का विशेष सहयोग रहा।

सकल हिंदू समाज अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा (पूर्व पार्षद) के नेतृत्व में विभिन्न समाजों के अध्यक्षगण एवं पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर संयोजक मुकेश नामदेव, सचिव मनीष डोंगरे, मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता, आनंद गोस्वामी, संजय वर्मा, सुरेश खत्री, प्रेम जयसवाल, रमेश मालवीय, देवकरण मालवीय, सुधीर महलवार, मोंटू कौरी, पवन यादव, पार्षद प्रतिनिधि सुभाष नामदेव, आशुतोष नामदेव, अमरचंद कुशवाहा पटेल सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं समाजजन यात्रा के समापन तक उपस्थित रहे। चुनरी यात्रा के समापन पर मां राजराजेश्वरी की भव्य आरती उतारी गई एवं श्रद्धालुओं को भोग प्रसाद वितरित किया गया। इसके पश्चात सकल हिंदू समाज के अध्यक्षगण राठौर मंदिर चौराहा पहुंचे, जहां श्री दुर्गा उत्सव समिति द्वारा आयोजित संगीतमय महाआरती में बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थिति रही भजन गायक राजीव जायसवाल ने भजनों से उपस्थित भक्तजनों का मन मोह लिया माता रानी के दर्शन का लाभ लिया।

### संगम तट पर बनेगा सुव्यवस्थित घाट, रेस्ट हाउस के पीछे बनेंगी 30 दुकानें

# जहां विकास और विरासत साथ चलते हैं, वहीं प्रगति होती है: रायसिंह मेवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



जहां विकास और विरासत साथ चलते हैं, वहीं प्रगति का असली उजाला होता है - रायसिंह मेवाड़ाशीघ्र ही संगम तट पर बनेगा सुव्यवस्थित घाट, रेस्ट हाउस के पीछे बनेगी 30 दुकानेनपाध्यक्ष, पार्षद एवं समाजसेवियों ने किया निर्माण कार्यो का भूमिपूजन आष्टा। आज का दिन हम सभी के लिए अत्यंत हर्ष और गौरव का विषय है। आज इस पावन संगम तट पर जहां श्रद्धा और शांति का वास है, वहीं हम एक नए संकल्प की नींव रखने जा रहे हैं। संगम मंदिर के समीप स्थित इस प्राचीन घाट के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्य का भूमिपूजन मात्र एक निर्माण कार्य नहीं, बल्कि हमारी विरासत को सहेजने और उसे भव्य रूप देने का एक पवित्र प्रयास है।

वहीं आज हमारे शहर के विकास की यात्रा में एक और महत्वपूर्ण अध्याय जुड़ने जा रहा है। रेस्ट हाउस के पीछे रिक्त भूमि पर नगरपालिका द्वारा दुकानों का निर्माण कराया जाएगा, जिसका भी भूमिपूजन आज संपन्न हुआ है। इस आशय के विचार नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने वार्ड क्रमांक 18 स्थित प्राचीन श्री पशुपतिनाथ मंदिर संगम तट पर नवीन घाट निर्माण एवं वार्ड क्रमांक 3 रेस्ट हाउस के पीछे रिक्त भूमि पर दुकानों के निर्माण कार्य के भूमिपूजन अवसर पर व्यक्त किए। उक्त कार्यो का भूमिपूजन नपाध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा, भाजपा नेता एवं नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अंजनी चौरसिया, नपाउपाध्यक्ष प्रतिनिधि भूरू खां, वार्ड पार्षद श्रीमती लता तेजपाल मुकाती सहित पार्षदों एवं वरिष्ठ समाजसेवियों, गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में किया गया।

भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि नगर में स्थित वर्षो पुराने मंदिर, तालाब या नदी यह हमारी विरासत है, इन विरासतों का सम्मान और नगर विकास के संकल्प के साथ ही भाजपा की नगर सरकार निर्माण और विकास कार्य लगातार करा रही है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति ने जानकारी देते हुए बताया कि संगम मंदिर स्थित घाट का निर्माण जल संवर्धन योजना के तहत 1 करोड़ 7 लाख रूपये की लागत से पूर्ण होगा, जिसमें पाथवे, गार्डनिंग, विद्युत पोल, पहुंच मार्ग का निर्माण होगा। वहीं रेस्ट हाउस के पीछे लगभग 30 दुकानों का निर्माण 1 करोड़ 87 लाख रूपये की लागत से होगा। प्रजापति ने कहा कि परिषद निरंतर प्रयास कर रही है कि शहर के हर कोने का सुव्यवस्थित विकास हो। इस अवसर पर पार्षद डॉ. सलीम खान, अरशद अली, मेहमूद अंसारी, सुभाष नामदेव, तेजसिंह राठौर, हिउस अध्यक्ष नारायण भूरू मुकाती, सकल समाज अध्यक्ष नरेन्द्र कुशवाह, वरिष्ठ पत्रकार सुशील संचेती, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान, पूर्व मार्केटिंग अध्यक्ष कृपालसिंह पटाड़ा, नगीनचंद्र जैन, कल्याणसिंह ठाकुर, बाबूलाल ठाकुर, तेजसिंह ठाकुर, सुरेन्द्रसिंह ठाकुर, सहायक यंत्री आकाश गुयतर, उपयंत्री अनिल धुर्वे, गबू सोनी, नवीन शर्मा, लखन वर्मा, राजेश राठौर, दीनानाथ परमार, पूरण मेवाड़ा, विजय मेवाड़ा, मनीष किल्लौदिया सहित नपा कर्मचारीगण मौजूद थे।

## तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवकों को मारी टक्कर, हालत गंभीर



**जावर।** भोपाल-इंदौर हाईवे पर मंगलवार को भीषण सड़क हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हुई है। हादसे के बाद घायल युवक प्राथमिक उपचार के बाद इंदौर रेफर कर दिए हैं, दोनों की हालत नाजुक बताई जा रही है। हादसा जावर के पास दरखेड़ा जोड़ पर हुआ है। जोड़ पर भोपाल की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार ने सड़क क्रॉस कर रही बाइक को इतनी तेज टक्टर मारी कि दोनों 10 फीट ऊपर उछल गए कार को टक्कर मारने के बाद छलांग लगाकर कार एक पेड़ से टकरा गई। हादसे में कार सवार और बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइक और कार चालक को गंभीर चोट लगने पर जावर के एक निजी अस्पताल ले गए, लेकिन हालत को गंभीर देखते हुए प्राथमिक इलाज के बाद इंदौर रेफर कर दिया। पुलिस के अनुसार उत्तर प्रदेश और हाल एचपीसीएल कंपनी इंदौर निवासी ऋषभ राज कार में सवार होकर भोपाल से इंदौर की तरफ जा रहा था। दरखेड़ा जोड़ पर अतरालिया निवासी देवकरण मालवीय रोड क्रॉस कर रहा था, इसी दौरान तेज रफ्तार कार और बाइक टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार, बाइक हवा में उछल कर 10 फीट दूर रोड किनारे लगे सागौन के पेड़ से टकरा गई। हादसे में ऋभष और देवकरण को गंभीर चोट लगी है। पुलिस ने घायल इंदौर रेफर करा दिए हैं। भीषण हादसे की वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई है।